हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–121 : जौनपुर, सोमवार 09 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसे में घायलों की सहायता सुनिश्चित करें –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : कन्नौज के पास आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में ट्रक–बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द घटनास्थल पर पहुंचने और घायलों को पर्याप्त चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। पीड़ित परिवार के सदस्य ने बताया, ''हमारे परिवार के 6 सदस्य दिल्ली से रायबरेली आ रहे थे। सूचना में पता चला कि हमारे परिवार के 6 लोग दुर्घटना ग्रस्त हुए जिसमें 3



सदस्यों की मृत्यु हो गई।''

## योगी सरकार में सोशल मीडिया पर गुंडई की अनुमति नहीं मिलेगी –केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ ब्यूरो : सपा के ट्विटर हैंडल संचालक पर हो रही कानूनी कार्रवाई में अडंगा डालने पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव और उनके समर्थकों को आड़े हाथ लिया है। केशव ने कहा कि सोशल मीडिया पर गुंडई करने वाले लोगों को बचाने के लिए सपा प्रमुख पुलिस मुख्यालय पर गुंडई करना चाहते हैं। सपा अध्यक्ष को यह ध्यान रखना चाहिए योगी सरकार में गुंडो के लिए कोई स्थान नहीं हैं। कानून अपना काम करेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कसी को भी आम नागरिकों के अधिकारों का हनन नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग अपने विचार साझा करते हैं। दो विपरीत विचारधारा के लोग भी आपस में बातचीत करते हैंए लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उन्हें बलात्कार या जान से मारने की धमकी दी जाए। ये बेहद शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी और अडंगा लगाने वालों के साथ भी कानून के



हिसाब से निपटेगी। सपा के इस मीडिया सेल के ट्विटर हैंडल से बीजेपी नेताओं, महिला नेताओं और पत्रकारों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणियां लगातार की जा रही हैं। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर भी अभद्र भाषा का उपयोग किया गया है। यही नहीं, मनीष जगन अग्रवाल के व्यक्तिगत ट्विटर हैंडल से गौमाता और गौसेवा के लिए भी अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया जा चुका है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेत्तर कार्यो की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कर करेत्तर कार्यो की समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वसूली में वृद्धि लायें। परिवहन एंव आबकारी विभाग में वसूली में प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए लक्ष्य को प्राप्त के निर्देश दिए। अवैध शराब बेचने वालों पर प्रभावी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि बिजली चोरी न होने पाये। व्यापार कर की समीक्षा करते हुए निर्देश किया कि व्यापार मंडल के साथ बैठक कर विभाग को पॉलिसी के बारे में बताएं और रेवेन्यू बढ़ाए। जेसीबी के द्वारा खुदाई करने वालों पर मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी ई0ओ0 को निर्देश दिया कि राजस्व वसूली में वृद्धि लाये। उन्होंने निर्देश दिया कि गृह कर, जलकर सहित सभी मदो में नियमित रूप से वसूली की जाये। नगर पंचायत मडियाहूं और नगरपालिका परिषद जौनपुर की लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम होने पर नोटिस देने के निर्देश दिये गयें। ई0ओ0 बदलापुर को निर्देशित किया कि नगर पंचायत में गृहकर वसूली का कार्य शुरू किया जाये। बाट मांप के अधिकारियों को निर्देश दिया कि उचित दर की दुकानों के साथ अन्य दुकानों का निरीक्षण करें कही भी घटतौली की शिकायत न आये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, सीआरओ गणेश प्रसाद सहित अधिशासी अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### नगर निकायों के प्रशासकों एवं अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में नगर निकायों के प्रशासकों एवं अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रशासकों को निर्देश दिया कि अपने–अपने नगर निकायों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लें। कार्यालय में प्रशासक अपना नाम एवं मोबाइल नंबर लिखवाए। उन्होंने सभी अधि0 अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर निकायों में अलाव जलता रहे। गरीब असहाय लोगों को कंबल का वितरण किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अपने नगर निकाय हुए एसटीपी के लिए स्थान का चिन्हांकन करा लें। पीएम स्वनिधि योजाना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि बैंक के अधिकारियों से संबंध में करते हुए योजना में प्रगति लाएं। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूर्ण कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, सीआरओ गणेश प्रसाद सहित अधिशासी अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## वर्ष–2023 में विभिन्न तिथियों पर स्थानीय अवकाश घोषित

जौनपुर सू.वि. : मा0 जनपद न्यायधीश वाणी रजंन अग्रवाल ने अवगत कराया है कि दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ की ओर से प्रस्ताव के क्रम में बार के अध्यक्ष एवं महांमत्री से विचार विमर्श एवं जिलाधिकारी से विचार विमर्श कर वर्ष–2023 में विभिन्न तिथियों पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। 21 अप्रैल 2023 दिन शुक्रवार को आखिरी जुमा, 30 अगस्त 2023 को बुधवार को रक्षाबन्धन, 28 सितम्बर 2023 शुक्रवार को बारावफात, 23 अक्टूबर 2023 सोमवार को दशहरा, 27 नवम्बर 2023 सोमवार कार्तिक पूर्णिमा हेतु अवकाश घोषित किया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023 में 01 अवकाश 12 नवम्बर 2023 दीपावली (रविवार) को पड़ने वाले अवकाश के एवज में दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्तावित 12 नवम्बर के एवज में 15 नवम्बर 2023 को अवकाश घोषित किया जाता है। मा0 उच्च न्यायालय के कैलेण्डर के नोटस–10 मे उल्लेख किया गया है कि जनपद न्यायधीश कैलेण्डर वर्ष–2023 के किसी 01 चतुर्थ शनिवार को न्यायालयों को कार्य हेतु खुले रहने की घोषणा करेंगे। मा0 न्यायालय के उक्त निर्देश के अनुपालन में माह फरवरी 2023 के चतुर्थ शनिवार को इस न्यायिक अधिष्ठान के समस्त न्यायालयों में न्यायिक कार्य यथावत किये जायेंगे।

## 10 घंटे देरी से पहुंचने पर तेजस के 440 यात्रियों को मिलेगा लाखों का रिफंड : ट्रेन स्टाफ पर भड़के लोग

लखनऊ ब्यूरो : कोहरे ने कॉरपोरेट ट्रेन तेजस एक्सप्रेस के संचालन को भी बेपटरी कर दिया। नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली तेजस एक्सप्रेस शनिवार रात दस बजे की जगह रविवार सुबह सवा आठ बजे पहुंची। ट्रेन के दस घंटे देरी से पहुंचने पर यात्री भड़क गए। उनकी ट्रेन स्टाफ से कहासुनी भी हुई। आईआरसीटीसी 440 यात्रियों को 250 रुपये प्रति यात्री की दर से 1.10 लाख रुपये का रिफंड देगा। वहीं रविवार को लखनऊ जंक्शन से रवाना होने वाली तेजस को निरस्त कर दिया गया। ट्रेन लेट होने से यात्रियों के लिए मुसीबतें खड़ी हो गईं। कुछ यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। उनकी अटेंडेंट से कहासुनी भी हुई। हालांकि, यात्रियों को समझा–बुझाकर शांत कराया गया। ट्रेन की लेटलतीफी के चलते यात्रियों को कुर्सियों पर ही रात बितानी पड़ी। आईआरसीटीसी प्रशासन की ओर से तेजस एक्सप्रेस के देरी से आने पर रिफंड की सुविधा दी जाती है। ट्रेन के दो घंटे से ऊपर की देरी पर 250 रुपये प्रतियात्री रिफंड दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर लखनऊ जंक्शन से नई दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस सुबह 6.10 बजे रवाना होती है। चूंकि नई दिल्ली से लखनऊ जंक्शन आने वाली ट्रेन दस घंटे देरी से पहुंची थी, ऐसे में रविवार को नई दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस को कैंसिल कर दिया गया। वीआईपी ट्रेनों की लेटलतीफी बरकरार कोहरे के चलते ट्रेनों की लेटलतीफी बरकरार है। नई दिल्ली लखनऊ एसी एक्सप्रेस रविवार को दो घंटे देरी से पहुंची। वहीं लखनऊ मेल ढाई घंटे देरी से आई। ऐसे ही नई दिल्ली से आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस तीन घंटे, मुंबई से आने वाली पुष्पक



एक्सप्रेस एक घंटे 40 मिनट तथा बेगमपुरा एक्सप्रेस 6.40 घंटे की देरी से पहुंची। फ्लाइटें देरी से हुईं रवाना, एयरपोर्ट पर यात्री परेशान अमौसी एयरपोर्ट से फ्लाइटों के देरी से टेकऑफ करने की वजह से यात्री परेशान हुए। लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो की 6ई–5222 रविवार को डेढ़ घंटे देरी से उड़ान भर सकी। एयर इंडिया की एआई–626 मुंबई जाने के लिए एक घंटे 40 मिनट की देरी से उड़ी, इंडिगो की ही 6ई–5119 ढाई घंटे देरी से गई तथा मुंबई से लखनऊ आने वाली गोएयर की फ्लाइट दो घंटे देरी से पहुंची। ऐसे ही लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान 41 मिनट, एयर इंडिया की 54 मिनट, एयर एशिया की 45 मिनट लेट रही, वहीं दिल्ली से आने वाली इंडिगो की उड़ान डेढ़ घंटे देरी से पहुंची।

## रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की वाइस चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक पुष्पलता सिंह ने वितरित किए कंबल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, लखनऊ की वाइस चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक पुष्पलता सिंह के द्वारा एक बार फिर सराहनीय कार्य सामने आया है–जहां उत्तर प्रदेश की आम जनता भीषण ठंड में घरों में बैठी है वही पुष्पलता सिंह अनाथ बेघरों को निःशुल्क गर्म कपड़े एवं आवश्यक सामग्री प्रदान करने का सराहनीय कार्य करती हैं। रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, लखनऊ की वाइस चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक पुष्पलता सिंह ने आज दिनांक 09 जनवरी 2023 को भीषण ठंड में श्री राम औद्योगिक अनाथालय (मान्यता प्राप्त बाल गृह), अलीगंज, लखनऊ में ऊनी वस्त्र एवं अन्य कपड़ों का वितरण किया। श्रीमती पुष्पलता सिंह रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संचालन के साथ ही साथ समाज सेवा का भी कार्य करती रहती हैं। विगत दिनों में आपने लखनऊ में कई स्थानों



पर कंबल का वितरण भी किया है। जगह जगह पर लगे अस्थाई रैन बसेरों में भी आप जाकर अलाव के लिए लकड़ियां आदि की भी व्यवस्था करती रहती हैं।

### गीडा को अब 60 हजार करोड़ रुपये का मिला निवेश लक्ष्य : जल्द होगा सम्मेलन

गोरखपुर ब्यूरो : फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) को अब 60 हजार करोड़ रुपये का निवेश जुटाना होगा। इससे पहले यह लक्ष्य 40 हजार करोड़ रुपये था। लक्ष्य हासिल करने के लिए 20 जनवरी के आसपास जिले में बड़े स्तर पर निवेशक सम्मेलन कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार, जिले में जीआईएस के मद्देनजर अब तक 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव एमओयू की प्रक्रिया में आ चुके हैं। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पवन अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में गीडा निवेश लक्ष्य को जरूर हासिल करेगा। अब तक गीडा में करीब छह हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। गीडा में 145 औद्योगिक और व्यावसायिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गोरखपुर महोत्सव और खिचड़ी मेले के बाद 20 जनवरी के आसपास डीएम के नेतृत्व में निवेशक सम्मेलन कराया जाएगा। इसमें कई निवेश प्रस्ताव मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के मुंबई दौरे के बाद निवेश की संभावना बढ़ी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंबई दौरे के बाद निवेश बढ़ने की

GIDA
GORAKHPUR INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY

संभावना है। गोरखपुर में भी कई बड़ी कंपनियां निवेश के लिए आ सकती हैं। यह सभी गोरखपुर के लक्ष्य में ही जोड़ा जाएगा। संभावना व्यक्त की जा रही है कि जिले में जीआईएस के दृष्टिगत अबतक 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव एमओयू की प्रक्रिया में आ चुके हैं। जल्द आवंटित होंगे 145 भूखंड गीडा की ओर से औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों के लिए 145 भूखंडों का आवंटन जल्द ही किया जाएगा। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। गीडा प्रबंधन का कहना है कि सरकार की ओर से जो भी लक्ष्य मिला है, उसे हासिल कर लिया जाएगा।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## दीनदयाल फाउंडेशन संस्था द्वारा संक्रांति पर गरीबों में किया गया अन्नदान

बड़हलगंज, गोरखपुर। ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : दीनदयाल फाउंडेशन संस्था की गोरखपुर की टीम द्वारा गरीब व जरूरतमंदो के बीच पहुचकर आने वाले मकरसंक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में अन्नदान किया। बड़हलगंज विकास खण्ड के बंजहरा गांव में संस्था की जिलाध्यक्षा ज्योत्सना तिवारी व प्रभारी अध्यक्ष रीता तिवारी के नेतृत्व में अन्नदान करके उनको संस्था की तरफ से मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संस्था के जिला उपाध्यक्ष अंजनी त्रिपाठी,



पुनीता मिश्रा, अर्चना पाण्डेय , प्रेमलता सिंह, बिंदु मिश्रा, अंशु त्रिपाठी, ज्योति विश्वकर्मा, मीना मिश्रा, अनीता शाही, एवं मीना देवी उपस्थित रही। इस सराहनीय कार्य के लिए संस्था के संस्थापक व अध्यक्ष हेमन्त पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी की तरफ से टीम को ढेर सारी शुभकामनाएँ दी गयी। दीनदयाल फाउंडेशन संस्था आज पूरे देश में अपने कार्यों को लेकर विख्यात है इसलिये संस्था को चार प्रदेशों के राज्यपालों द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। दीनदयाल फाउंडेशन संस्था निरन्तर जरूरतमंदो की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहती है।हर किसी के सुख–दुःख में अपनी पुरजोर सहभागिता देती रहती है।संस्था दीनदयाल फाउंडेशन ने देश भर कोरोना काल से लेकर अब तक लाखों परिवारों में खुशियां पहुचायी है जो अपने आप में एक बड़ी बात है। जहाँ किसी एक परिवार पालना पोषण करना मुस्किल हो जाता है वहीं संस्था दीनदयाल फाउंडेशन संस्था के पदाधिकारी समाज के दीन हीन परिवारों के पालन पोषण में लगे हैं।

## कैशलेश चिकित्सा कार्ड बनाने में बिलम्ब से पेंशनर्स आक्रोशित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा जौनपुर की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स भवन में जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की सदस्यता के व्यापक प्रचार प्रसार करने का




निर्णय लिया गया साथ ही पेंशनर्स के कैशलेस चिकित्सा कार्ड बनवाने में हो रहे अत्यधिक विलंब पर आक्रोश व्यक्त किया गया साथ ही वरिष्ठ कोषाधिकारी से मांग की गई कि जो पेंशनर्स कैशलेस चिकित्सा कार्ड बनवाने हेतु आवेदन किए हैं उनका सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा किया जाय,साथ ही लखनऊ स्थित कार्यदाई संस्था सांची से कार्ड्स डाउनलोड करने में आ रही कठिनाई को शीघ्र दूर कराया जाए। पेंशनर्स दिवस पर दी गई पेंशनरों की समस्या को शीघ्र दूर कराया जाए। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित होकर सदस्यता ग्रहण किए। बैठक को मुख्य रूप से सर्वश्री श्याम बिहारी सिंह पूर्व अध्यक्ष कलेक्ट्रेट केके तिवारी यस एन सिंह गोरखनाथ माली ओमप्रकाश सिंह मंजू रानी राय ओंकार नाथ मिश्र सुभाष चंद्र मौर्य केदारनाथ मिथिलेश कुमार जायसवाल विभूति नारायण कृपा शंकर उपाध्याय मोहम्मद हाशिम कंचन सिंह हरिराम यादव यदुनाथ यादव आदि ने संबोधित किया। बैठक के अंत में खराब मौसम के कारण विषम परिस्थितियों में भी उपस्थित सभी साथियों के मंगल भविष्य की शुभकामनाएं के साथ अध्यक्ष ने बैठक समाप्त की धोषणा किया ,संचालन श्रीराम अवधलाल श्रीवास्तव कार्य वाहक उपाध्यक्ष ने किया।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

मन का मौन मनोगल बढ़ाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# तालिबान का फरमान और मलाला

मलाला न केवल पाकिस्तान और कई अन्य देशों में शिक्षा पर काम कर रही हैं, बल्कि वह और उनके पिता जियाउद्दीन यूसुफजई वास्तव में अफगानिस्तान में भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

नवविवाहिता मलाला यूसुफजई जब शादी के बाद पहली बार अपने शौहर के साथ लाहौर एयरपोर्ट पर उतरी थीं, तब मैंने ट्वीट किया था, 'वेलकम बैक क्वीन'। पंजाब की प्रांतीय राजधानी में करीब हफ्ते भर के उनके प्रवास के दौरान उनके अभिभावक भी साथ थे। वह स्कूली छात्राओं को विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित और कला की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही ऑक्सफोर्ड पाकिस्तान कार्यक्रम के तहत अपने काम से भी परिचित कराने के लिए आई थीं। मलाला नोबेल से सम्मानित पाकिस्तान की दूसरी शख्स हैं। वह तीन बार पाकिस्तान आ चुकी हैं और आखिरी बार वह देश में आई भीषण बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित सिंध में मदद के लिए आई थीं।

लाहौर की इस यात्रा का यह मतलब भी था कि वह अपने घर स्वात नहीं जा सकेंगी, क्योंकि वहां प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक तालिबान पाकिस्तान फिर से सक्रिय हो गया है और जिसकी वजह से वहां के हालात बदतर हैं। ऐसा लगता है कि स्वात तथा उत्तरी पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में कुछ भी नहीं बदला है। मलाला को तब अपना घर छोड़ना पड़ा था, जब उग्रवादियों ने लड़कियों की शिक्षा का विरोध किया। और जब सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अपना दखल बढ़ाया, तब जीवन सामान्य स्थिति की ओर लौटने लगा। इन दिनों वहां नागरिक उग्रवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए शांति रैलियां निकाल रहे हैं और सरकार से अपने जीवन की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

मलाला न केवल पाकिस्तान और कई अन्य देशों में शिक्षा पर काम कर रही हैं, बल्कि वह और उनके पिता जियाउद्दीन यूसुफजई वास्तव में अफगानिस्तान में भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पिता और पुत्री हर संभव मंच से आवाज उठा रहे हैं और तालिबान सरकार से लड़कियों को स्कूल जाने की इजाजत देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन वास्तव में जब लड़कियों की शिक्षा की बात आती है, तो शक्ति काबुल में नहीं, बल्कि कंधार में नेतृत्व के पास होती है, जो ऐसे मामलों में निर्णय लेते हैं। मलाला ने हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और उनके कुछ मंत्रियों से न्यूयॉर्क में मुलाकात की थी। एक बहुत ही दिलचस्प वीडियो था, जिसमें मलाला ने प्रधानमंत्री को बधाई देने के लिए अपना हाथ बढ़ाया, लेकिन वह इसके बजाय प्यार से अपना हाथ उनके सिर पर रखते हैं, जैसा कि पूर्वी परंपरा है, और हाथ नहीं मिलाते हैं।

इस हफ्ते मलाला ने विपक्ष के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही से मुलाकात की, क्योंकि उनके कुछ प्रोजेक्ट्स पंजाब में भी चल रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं राजनीतिक रूप से सही होने के बारे में कभी चिंता नहीं करती। मैं सिर्फ सच के साथ होना चाहता हूं। मेरे लिए यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है। मैं विशेषज्ञों के काम में यकीन करती हूं। हम शोध और उपलब्ध आंकड़ों को देखते हैं। जब मैं शिक्षा की वकालत करती हूं, तो हम देखते हैं कि डाटा हमें क्या बताता है।'

पाकिस्तान की ओर से भी कई बार तालिबान से कहा गया है कि कुछ अन्य मांगों को स्वीकार करने के साथ वह लड़कियों की शिक्षा को अनुमति दे, तो उसे आधिकारिक तौर पर मान्यता देने का रास्ता खुल सकता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने न्यूयॉर्क में एक इंटरव्यू में इस तरह की बात की थी। उनके अलावा विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार ने काबुल की अपनी पहली यात्रा के दौरान ऐसा कहा था, लेकिन अफगानिस्तान के हालात देखकर लगता नहीं कि ऐसा हो पाएगा। पाकिस्तान ने तालिबान के किसी पुरुष राजनयिक को भेजे जाने पर जोर देने के बावजूद एक उच्च शिक्षित एक वरिष्ठ महिला को काबुल भेजकर स्पष्ट संदेश देने की कोशिश की। विदेश राज्यमंत्री रब्बानी जब– बिना बुर्के या चादर, जैसा कि अफगान महिलाएं पहनती हैं– सिर्फ दुपट्टा डाले काबुल हवाई अड्डे पर उतरीं, तो कई लोग हैरत में पड़ गए थे। मेरे लिए रब्बानी की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उन्होंने वहां अफगान महिला व्यवसायियों से भी मुलाकात की। वहां उन्होंने उनके साथ भोजन किया और एलान किया कि पाकिस्तान की नई व्यापार नीति में अफगान महिलाओं से आयात को प्राथमिकता दी जाएगी।

दुनिया जब भी तालिबान के साथ बातचीत करती है, तो लड़कियों की शिक्षा को हर चर्चा में सबसे ऊपर रखती है। लेकिन काबुल पर कब्जा करने के बाद से तालिबान इस मुद्दे पर जरा भी झुकने को तैयार नहीं हैं। इस बीच, अफगान के शिक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने जब लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध का एलान किया, तो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इस पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। अगस्त, 2021 में तालिबान ने सत्ता में कब्जे के बाद लड़कियों के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। मार्च में उसने माध्यमिक स्कूलों में लड़कियों के लौटने पर प्रतिबंध लगाया।

मैं तब सही थी, जब मैंने कहा था कि मुझे कोई उम्मीद नहीं। पाकिस्तान ने निराशा व्यक्त करते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और काबुल की सत्ता से आग्रह किया है कि वह अफगान महिलाओं और छात्राओं की उच्च शिक्षा पर रोक लगाने के अपने फैसले पर फिर से विचार करे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम दृढ़ता से मानते हैं कि इस्लाम के अनुसार प्रत्येक पुरुष और महिला को शिक्षा का अंतर्निहित अधिकार है। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने विश्वविद्यालयों में महिलाओं के प्रवेश पर तालिबान के प्रतिबंध पर निराशा व्यक्त की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा, मुझे अभी भी लगता है कि काबुल और अंतरिम सरकार से संवाद के जरिये ही हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस्लामाबाद में ओआईसी की बैठक में कहा कि मेरी सबसे बड़ी चिंता यह है कि अफगानिस्तान अफरा–तफरी की ओर बढ़ रहा है।

मीडिया से बात करते हुए मलाला ने कहा, 'मैं अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों के लिए उम्मीद से भरी हुई हूं, जिसकी एक वजह अफगान महिलाओं द्वारा अभी उठाए जा रहे कदम हैं। वे हार नहीं मान रही हैं। वे सड़कों पर अपने अधिकारों के लिए नारे लगा रही हैं, और लड़कियां शिक्षा के अपने अधिकार के लिए चीख रही हैं। यह कुछ ऐसा है, जो मुझे आशा देता है।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## उन्नाव में भीषण हादसाः डीसीएम व बस की भिड़ंत में महिला समेत चार की मौत : कई यात्री घायल

उन्नाव ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर डीसीएम की नेपाल जा रही बस से भिड़ंत हो गई। एक्सप्रेस–वे पर औरास थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास चालक के नशे में होने से आलू लादकर लखनऊ जा रही डीसीएम तेज रफ्तार स्लीपर बस से टकरा गई। बताया जा रहा है कि हादसे में बस सवार एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बस में सो रहे यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। हादसे में बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा सुबह करीब तीन बजे हुआ। बस राजकोट से नेपाल जा रही थी। घटना के वक्त बस में 80 सवारियां थीं। घायलों में एक को उपचार के लिए लखनऊ व बाकी को उन्नाव रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने राहत व बचाव कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश। पुलिस मृतकों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। इनकी हुई मौत उन्नाव हादसे में ललित साउद (35) निवासी वार्ड नम्बर ज्योति नगर टीकापुर जिला कैलाली नेपाल, चंद्र साउद (50) पुत्र बुधि साउद



निवासी वार्ड नंबर 1 पार्क रोड टीकापुर जिला कैलाली नेपाल, निर्मला पुत्री रवि और बस चालक साजिद निवासी टेढ़ी पुलिया लखनऊ की मौत हुई है। हादसे में यह हुए घायल लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर हुए हादसे में नेपाल देश के किलौली थाने के टीकापुर निवासी हरिनाम (32), पुलमा (48), रामकोट के इन्द्राराम गांव के दीपक (30), बिसफदा निवासी जानकी (30), घनचारा (50), अमर सिंह (37), नौरस (32) और यूपी के बहराइच जिले के खैरा बाजार निवासी इबरार (35) घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल हरिनाम को ट्रामा सेंटर व अन्य को जिला अस्पताल रेफर किया गया। नौरस का प्राथमिक उपचार कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## टेंपो की ठोकर से मां के सामने ही मासूम एजाज की मौत : रो–रोकर हुआ बुरा हाल

देवरिया ब्यूरो : देवरिया जनपद के रुद्रपुर नगर के पूर्वी बाईपास पर सोमवार दिन में टेंपो की ठोकर से इलाज कराने जा रहे मां–बच्चे गिर पड़े। हादसे में पांच साल के मासूम एजाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद टेंपो चालक फरार हो गया। मृतक का परिवार गोरखपुर जिले के गजपुर का रहने वाला है। गोरखपुर जिले के गजपुर गांव निवासी हुसैन आलम विदेश में रहते हैं। घर पर उनकी पत्नी रफीकुल अपने दो बेटों उस्मान (10) और एजाज (पांच) के साथ रहती थीं। सोमवार को रफीकुल बड़े बेटे उस्मान को देवरिया इलाज कराने को ले जा रही थीं। साथ में छोटा बेटा एजाज भी था। बाइक हुसैन आलम का भतीजा भोलू (25) चला रहा था। भोलू ने हेलमेट लगा रखा था। एजाम बाइक पर सबसे आगे टंकी पर बैठा था। नगर के पूर्वी बाईपास पर ब्रेकर के करीब बगल से गुजर रहे टेंपों ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार सभी लोग घायल हो गए। बाइक से गिरने पर एजाज के सिर में गंभीर चोट लगी। इसकी वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां उस्मान और भोलू का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटनास्थल से टेंपो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। बेटे की मौत के बाद बदहवास मां का रो–रोकर बुरा हाल था। अपनी आंखों के सामने ही जिगर के टुकड़े को मरता देखती रही रफीकुल नगर के पूर्वी बाईपास पर हुए सड़क हादसे में एक मां ने अपने जिगर के टुकडे को खो दिया। एक मां के लिए इससे बड़ी बेबसी, लाचारी क्या होगी कि वह अपनी आंखों के सामने ही अपने आंखों के लाल को मरता हुआ देखे। हादसे



में घायल मासूम ने मां की गोद में ही तड़पकर दम दम तोड़ दिया। टैंपो चालक की जरा सी लापरवाही ने एक गोरखपुर जनपद के गजपुर के रहने वाले एक परिवार को ताउम्र कभी न भूलने वाला जख्म दे दिया। कहां तो मां अपने एक बेटे का इलाज कराने जा रही थी। और कहां एक हादसे ने उसके दूसरे बच्चे सदा–सदा के लिए उससे दूर कर दिया। सड़क हादसे में आंखों के सामने बेटे को लहुलूहान होता देख मां रफीकुल बदहवास थी। वह उस पल को कोस रही थी कि किसलिए वह दोनों बच्चों को लेकर इलाज कराने बाइक से जा रही थी। दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट होने से एजाज की मौके पर ही मौत हो गई थी, लेकिन मां अपने बेटे को गोद से चिपकाए ही अस्पताल पहुंची। मां–बेटे की चित्कार से अस्पताल में मौजूद लोगों की आखें भी भर आईं। डॉक्टर की जांच करने के बाद भी मां को एहसास हो रहा था कि उसका बेटा अभी जिंदा है और उठकर उसे मां कहते हुए गले से लिपट जाएगा। वह घायल बेटे उस्मान को लेकर बार–बार चिकित्सक से मृतक बेटे एजाज का उपचार करने को बोल रही थी। मां को रोता देख बड़ा भाई उस्मान भी दहाड़े मार कर रोने लगा। रफीकुल को यह यकीन ही नहीं हो रहा था कि अब दोबारा उसका लाल कभी उसके सामने नहीं आएगा। रोते–रोते वह बेहोश हो जा रही थी। लोगों ने बड़ी मुश्किल से मां से बेटे का शव अलग किया। अस्पताल में मौजूद हर कोई इस घटना को लेकर नियती को कोस रहा था।

## मिठाई की दुकान के गोदाम में लगी भीषण आग : शॉर्ट सर्किट से हुई घटना में लाखों का नुकसान

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ के अतरौलिया कस्बा केशरी चौक मिठाई की दुकान के गोदाम में बीती रात आग लग गई। घंटों मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। घटना में मिठाई कारोबारी का लाखों नुकसान हो गया। गोदाम में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अतरौलिया कस्बा निवासी सोनू मोदनवाल कस्बे का प्रमुख मिठाई करोबारी है। केशरी चौक पर उसका गोदाम है। जहां वह मिठाई तैयार करता है। रविवार रात लगभग 11 बजे शॉर्ट सर्किट से मिठाई के गोदाम में आग लग गई। गोदाम से धुंआ उठता देख स्थानीय लोगों ने सूचना दुकानदार सोनू मोदनवाल को दी। सोनू के मौके पर पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों ने बाल्टी आदि से पानी डाल कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। इसके साथ ही सूचना फायर ब्रिगेड को भी दे दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। तबतक गोदाम में रखा सारा सामान जल कर खाक हो चुका था। पीड़ित दुकानदार के अनुसार गोदाम में रिफाइंड तेल, घी, मैदा, चीनी व तैयार मिठाइयां काफी मात्रा में थी। दुकानदार ने दो से ढाई लाख के नुकसान का अनुमान लगाया है।

## जिला कारागार में बंद 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत : कोर्ट ने सुनाई थी आजीवन कारावास की सजा

बलिया ब्यूरो : जिला कारागार बलिया में निरुद्ध बंदी निरहू यादव (80) की बीती रात मौत हो गई। रविवार राज जेल में अचानक से तबीयत बिगड़ने के बाद निरहू यादव को अस्पताल ले जाया गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। निरहू यादव निवासी कलना टोला देवरी थाना चितबड़ागांव एवं उसके घर के छह–सात लोगों को आजीवन कारवास की सजा हुई है। निरहू सात जुलाई 2022 को अपने परिवार के सदस्यों के साथ जिला कारागार में निरुद्ध हुआ था। रविवार की देर रात्रि अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जेलर राजेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात्रि अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। इलाज के दौरान मौत हो गई।

## हरदोई का नाम किया रोशन : बनाया शीर्षासन में विश्व कीर्तिमान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शतायु होने की ओर बढ़ रहे हरदोई जिले के रहने वाले 86 वर्षीय योग साधक ईश्वर नाथ गुप्ता ने जिले का नाम रोशन करने का काम किया है। ईश्वरनाथ गुप्ता ने योगासन में सबसे मुश्किल समझे जाने वाले शीर्षासन में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। पहली जनवरी को भारत विकास परिषद, राउरकेला शाखा द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड के प्रतिनिधि और कई गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष ईश्वर नाथ गुप्ता ने लगातार छह मिनट तक शीर्षासन में टिके रहकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। इस मौके पर पोस्टल स्टॉम्प भी रिलीज किया गया। राउरकेला के कोयलनगर निवासी ईश्वरनाथ गुप्ता के शीर्षासन के वर्ल्ड रिकॉर्ड ने हरदोई का मान भी बढ़ाया है क्योंकि वे हरदोई में ही जन्मे और पले बढे हैं। ईश्वर नाथ गुप्ता का जन्म 14 मई 1936 को हरदोई के मोहल्ला वैटगंज में हुआ था। उन्होंने प्रारम्भिक पढाई हरदोई से और विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई लखनऊ विश्वविद्यालय से की। आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने अपने कार्यजीवन की शुरुआत टाटा स्टील जमशेदपुर से की। 1960 में वे



शीर्षासन कर कीर्तिमान स्थापित करने वाले ईश्वरनाथ गुप्ता

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड, राउरकेला स्टील प्लांट में आ गए। कालांतर में वे ट्रेनिंग हेतु अमेरिका के बेतेहेलम स्टील प्लांट गए। स्वदेश लौटने के बाद उन्होंने फिर राउरकेला स्टील प्लांट से जुड़ गए। ईश्वरनाथ क्रियायोग एक्सपर्ट हैं और परमहंस योगानंद जी की योगदा सत्संग सोसाइटी से जुड़े हैं। वे श्रीमद्भागवत गीता के समर्पित अनुयायी हैं और आजकल गीता सार पर कार्य कर रहे हैं। अनुशासन के पक्के ईश्वरनाथ आज भी प्रतिदिन योग प्राणायाम और ध्यान करते हैं। ईश्वरनाथ गुप्ता के इस कीर्तिमान से हरदोई जिले का नाम विश्व पटल पर रोशन होने से जिलेवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## 2016 लाख की परियोजना से संवरेगी बाढ़ग्रस्त गांवों की सूरत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सवायजपुर विधानसभा जो पांच बड़ी और कई छोटी नदियों से घिरा हुआ क्षेत्र है। जहां प्रतिवर्ष बाढ़ से सैकड़ों गांवों में जन धन की हानि होती है। वहां अब सवायजपुर के विधायक श्री माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू के प्रयासों से तकरीबन 5 दर्जन गांवों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम हो सकेंगे। विधायक श्री रानू के प्रस्तावों को शासन की हरी झंडी मिल गई है। जिसमें तकरीबन 2016 लाख की लागत की 4 बाढ़ सुरक्षा परियोजना स्वीकृत हो गई है। सवायजपुर विधानसभा के भरखनी, हरपालपुर और सांडी ब्लॉक के तकरीबन 1 सैकड़ा गांवों में हर वर्ष आने वाली बाढ़ से हजारों बीघे खेती बर्बाद हो जाती है। इन गांवों की सूरत सुधारने के लिए विधायक श्री रानू ने शासन को प्रस्ताव भेजे थे। जिन पर उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थायी समिति ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जल शक्ति मंत्री श्री महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आहूत परिषद की बैठक में सवायजपुर विधानसभा के अंतर्गत रामगंगा नदी के किनारे पर बाढ़ से प्रभावित होने वाले संवेदनशील गांव रवियापुर, दुर्जना और बारी के आसपास बाढ़ सुरक्षा हेतु 454.60 लाख की परियोजना तो गंगा नदी के आसपास तेरवाकुल्ली, देवीपुरवा आदि गांवों में 661.96 लाख की परियोजना, गर्रा नदी के किनारे स्थित पाली नगर पंचायत, अतर्जी



की 554.77 लाख की परियोजना और गर्रा नदी पर ही कहारकोला,बाबरपुर, मिरकापुर आदि गांवों में 345.00 लाख की बाढ़ सुरक्षा परियोजना को स्वीकृति मिली है। सवायजपुर विधानसभा के क्षेत्र में प्रतिवर्ष बाढ़ आने पर कई गांवों की खेती पानी में समा जाती रही है, और हर वर्ष जन धन की व्यापक हानि होती रही है। बाढ़ से मार्ग कट जाते है और कई गावों का संपर्क मुख्यालय से टूट जाता था। इन परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद क्षेत्र में विकास के कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही हर वर्ष आने वाली बाढ़ से होने वाली घटनाओं पर भी रोक लगेगी।

## विला बेचने के नाम पर 28 लाख ठगे : सुशांत गोल्फ सिटी थाने में केस दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : सुशांत गोल्फ सिटी के ऑकवुड डुप्लेक्स स्थित विला बेचने का झांसा देकर दंपती ने 28 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने डीसीपी दक्षिणी से शिकायत की। इसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया। सैयद वली नाका के राजेंद्रनगर स्थित सिल्वर हाइट अपार्टमेंट में रहते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रैल में अनिल कुमार श्रीवास्तव व उनकी पत्नी शालिनी से मुलाकात हुई। दंपती ने कहा कि सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ऑकवुड डुप्लेक्स में उनका विला है। इसे बेचना चाहते हैं। सौदा तय होने पर सैयद ने चेक व कैश में 28 लाख रुपये अदा किए। रजिस्ट्री में टालमटोल पर पीड़ित ने छानबीन की तो पता चला कि दंपती अपना विला किसी और को बेचने की कोशिश में हैं। जानकारी मिली कि सिद्धार्थ व आदित्य सिंह ने उसी विला के रुपये किसी और से शालिनी व अनिल को दिला दिए हैं।



इस पर पीड़ित ने चारों को कॉल की, लेकिन फोन नहीं उठा। इस बीच पता चला कि दंपती ने विला किसी दूसरे को बेच दिया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत डीसीपी दक्षिणी से की। निर्देश पर दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## दो भाई चला रहे थे बाइक चोरों का गिरोह तीन गिरफ्तार : चेसिस व इंजन नंबर बदलकर बेच देते थे वाहन

लखनऊ ब्यूरो : पारा पुलिस ने वाहन चोरों के गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचा है। यह गिरोह दो सगे भाई चला रहे थे। बाइक चोरी करने के बाद चेसिस व इंजन नंबर बदलकर बेच देते थे। पकड़े गए तीन आरोपियों में दो भाई व एक रिश्तेदार हैं। आरोपियों के पास से चार बाइक व कई बाइक के पार्ट्स व औजार बरामद किए हैं। मोहान रोड स्थित राजकीय गोविंद बल्लभ पंत पॉलीटेक्निक कॉलेज की सुरक्षा में तैनात पीआरडी जवान शैलेंद्र गश्त कर रहे थे। इस बीच कॉलेज के वर्कशॉप के पीछे कुछ संदिग्धों को देखा। आवाज देने पर भागने लगे। शैलेंद्र ने दौड़ाकर दो को पकड़ लिया और पारा पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर पारा तेज बहादुर सिंह के मुताबिक, गिरफ्त में आए बदमाशों की पहचान ठाकुरगंज के आलमनगर निवासी दो भाई सुजीत व अतीक महावत के रूप में हुई। दोनों के कब्जे से चोरी की चार बाइकें व कई बाइक के पार्ट्स मिले हैं। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने बताया कि शहरभर



के इलाकों से बाइक चोरी कर यहीं जंगल में लाकर खड़ी कर देते थे। इसके बाद पार्ट्स खोलकर आलमनगर निवासी कबाड़ी मिथुन महावत को बेच देते थे। चोरी की बाइकों में चेसिस और इंजन बदलकर नए पार्ट्स लगाकर बेचते थे। निशानदेही पर मिथुन को भी पकड़ लिया गया है। तीनों के खिलाफ पारा, सैरपुर व ठाकुरगंज में कई मुकदमे दर्ज हैं।

## विटामिन बी की कमी से मानसिक रोग का खतरा –प्रो.वंदना राय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना राय ने कहा कि आजकल की व्यस्त दिनचर्या, फास्ट फूड के प्रति बढ़ती रुचि व संतुलित आहार का अभाव लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा कर रही है। इससे शरीर में विटामिन बी और पोषक तत्वों की कमी और उनके स्तर में गिरावट से अनेक प्रकार की बीमारियों को हम आमंत्रित कर रहे हैं। शरीर में विटामिन बी के कमी से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं जैसे रक्त कोशिकाओं की कमी, थकान, कमजोरी वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके नजरअंदाज करने से लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या बढ़ रही है। प्रोफेसर राय नागपुर में 108 वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस आरटी एम विश्वविद्यालय नागपुर में आमंत्रित व्याख्यान में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि व्यस्कों को प्रतिदिन 400 माइक्रोग्राम की बच्चों को 150–300 माइक्रोग्राम व गर्भवती और स्तनपान करने वाली महिलाओं को 500 माइक्रोग्राम से 600 माइक्रोग्राम तक फोलेट की आवश्यकता होती है। किंतु लोगों में इसके प्रति जागरूकता का अभाव होने के कारण लोग ध्यान नहीं देते है न ही इसकी जाँच कराते है। इससे न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, क्लेफ्ट लिप एंड पैलेट, अनेक मानसिक रोगों व कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं के अनुसार



जानकारी का अभाव इस समस्या को बढ़ा रहा है ।फोलेट हरी पत्तेदार सब्जियों, ताजे फलों, ब्रोकलि, मूंगफली, अखरोट इत्यादि में पाया जाता है। इस वर्ष के भारतीय विज्ञान कांग्रेस का विषय "महिला सशक्तिकरण के साथ सतत् विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी" है। इसी क्रम को परिभाषित करते हुए प्रो वंदना राय ने देश में भोजन में विटामिन के महत्व के प्रति लोगों को विशेष कर महिलाओं व बच्चों को जागरूक करने पर जोर दिया। कहा कि इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होकर देश की प्रगति में सहयोग कर सकेंगी। महिला स्वास्थ्य पर किये गए शोध और जागरूकता के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रो वंदना राय को शिक्षक श्री पुरुस्कार के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुस्कार प्राप्त होते रहे हैं। विज्ञान कांग्रेस में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो प्रदीप कुमार ने भी रेड सेल एंजाइमस् पॉलीमोर्फिसम् में अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया और कहा कि अगले 25 वर्षों में भारत जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी।

## नहीं रहें पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल व भाजपा के वरिष्ठ नेता केशरी नाथ त्रिपाठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी का 88 वर्ष की उम्र में हुआ निधन। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज पहुंच कर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि बाबुजी के निधन से समाज की गहरी क्षति हुई है त्रिपाठी जी एक मिलनसार व मृदुभाषी थे। बच्चा भइया ने कहा कि जब त्रिपाठी जी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे तो तो भाजपा कार्यकर्ताओं का बहुत सम्मान करते थे और उनका जुड़ाव जौनपुर से बहुत रहा वे मेरे पिता सन्तोषी बाबू जी के पुण्यतिथि श्रंद्धाजलि सभा में भी दीवानी अधिवक्ता संघ में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आये थे व जौनपुर बराबर आते रहते थे। विदित हो की पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी जी जौनपुर जिले की मछली शहर सीट से लोकसभा चुनाव लड़े थे ।उस समय यह सीट सामान्य थी। बता दें कि बंगाल के पूर्व राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा




अध्यक्ष केशरी नाथ त्रिपाठी का कल सुबह पांच बजे निधन हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार श्री त्रिपाठी को कुछ दिनों पूर्व से सांस की परेशानी की शिकायत हुई थी। जिनका कल सुबह निधन हो गया। उन्होंने अंतिम सांस प्रयागराज में ली। श्री त्रिपाठी उत्तर प्रदेश विधानसभा के तीन बार अध्यक्ष रहें, और उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रहें। श्री त्रिपाठी के निधन की खबर मिलते ही भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने शोक प्रकट करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया हैं।

## थाना बदलापुर महराजगंज व एस0ओ0जी0 जौनपुर की संयुक्त टीम के साथ हुयी पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय कुमार साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन एंव श्रीमान् क्षेत्राधिकारी बदलापुर, श्री शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बदलापुर,महाराजगंज व एस0ओ0जी0 जौनपुर की संयुक्त टीम द्वारा शातिर लुटेरे अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। पुलिस की टीम द्वारा रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शातिर वांछित लुटेरे जिन्होने महाराजगंज व बदलापुर में कई छिनैती की घटना को अंजाम दिया है आज एक बड़ी घटना को अजांम देने की फिराक मे है और अगर जल्दी की जाय तो उनको पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर के पुलिस की टीम द्वारा घनश्यामपुर अंडरपास के पास पहुंचकर उक्त बदमाशों के आने का इन्तजार करने लगे तभी वहां से तेज रफ्तार में एक बाइक बदलापुर से घनश्यामपुर की तरफ आते दिखाई दिया। पुलिस द्वारा इनको रोकने का प्रयास करने पर बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। उक्त फायरिंग से थानाध्यक्ष महराजगंज बाल बाल बच गये। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर मे गोली लगी, जिससे उक्त बदमाश घायल होकर गिर पड़ा व दूसरे को दौड़ाकर पकड लिया गया वही तीसरा बदमाश अंधेरे का लाभ लेकर भागने मे सफल रहा। घायल बदमाश को बाद प्राथमिक उपचार सीएचसी बदलापुर से सदर अस्पताल जौनपुर के लिए रेफर कर दिया गया। सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1–रजनीश उर्फ रीशु खरवार पुत्र गजराज खरवार नि0 करनपुर थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर। (घायल) 2–संग्राम सिंह पुत्र देवी प्रसाद सिंह नि0 ग्राम ढेमा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। फरार




अभियुक्त– 1–प्रिंस यादव पुत्र अमरनाथ यादव नि0 ग्राम तियरा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1–नगद 11900 / – रूपये । 2– एक मोटरसाइकिल सुपर स्पलेण्डर । 3–एक तमंचा .315 बोर। 4–दो जिंदा कारतूस 315 बोर। 5– एक खोखा कारतूस .315 बोर। 6– 04 मोबाईल। आपराधिक इतिहास– 1– संग्राम सिंह पुत्र देवी प्रसाद सिंह नि0 ग्राम ढेमा थाना बदलापुर जनपद जौनपुर 1–मु0अ0सं0–201 / 22 धारा 392 / 411 भादवि थाना महराजगंज, जौनपुर ।2–मु0अ0सं0–004 / 23 धारा 356 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–005 / 23 धारा 307 / 411 भादवि व धारा 3 / 25 शस्त्र अधि0 थाना बदलापुर, जौनपुर। 2– रजनीश उर्फ रीशु खरवार पुत्र गजराज खरवार नि0 ग्राम करनपुर थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर 1–मु0अ0सं0–201 / 22 धारा 392 / 411 भादवि थाना महराजगंज, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0–077 / 22 धारा 323 / 504 / 506 थाना सिगरामऊ, जौनपुर। 3–मु0अ0सं0–004 / 23 धारा 356 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 4–मु0अ0सं0–005 / 23 धारा 307 / 411 भादवि व धारा 3 / 25 शस्त्र अधि0 थाना बदलापुर, जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम दृ 1–प्रभारी निरीक्षक बदलापुर, श्री संतोष कुमार पाण्डेय मय टीम। 2–थानाध्यक्ष महाराजगंज, श्री शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय मय टीम। 3– प्रभारी स्वाट उ0नि0, श्री मनोज कुमार सिंह जौनपुर मय टीम । 4– प्रभारी सर्विलांस, उ0नि0 श्री रामजनम यादव जौनपुर मय टीम।

## थाना जफराबाद पुलिस द्वारा 01 महिला वारण्टी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 अशोक ओझा हे0का0 जितेन्द्र सिंह यादव, म0का0 बन्दना यादव, म0का0 उपासना सिंह द्वारा मा0 न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0 चतुर्थ जौनपुर मु0नं0 157 / 21 धारा–323 / 504 भादवि थाना जफराबाद जनपद जौनपुर ता0 पेशी 23.01.23 द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के वारण्टी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष श्री राजाराम द्विवेदी थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री अशोक ओझा, हे0का0 जितेन्द्र सिंह यादव थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। 4.म0का0 बन्दना यादव,म0का0 उपासना सिंह थाना जफराबाद जनपद जौनपुर।

## मुंबई में जनकल्याण हेतु किया गया सुंदरकांड का पाठ



नालासोपारा, मुंबई ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : श्री हरि हनुमानजी एवं प्रभु श्री राम की कृपा से सुन्दरकांड श्री हरि हनुमान मंदिर , नालासोपारा मुंबई में भंडारे के साथ संपन्न हुआ. उपस्थित भक्त जनों ने सुंदरकांड और आरती के उपरान्त जय श्री राम के नारे लगाए और श्री धाम अयोध्या में हो रहे श्री राम मंदिर निर्वाण हेतु लोगों को जागरुक भी किया। जहां पर अरविंद तिवारी (मंगला ) ने आए हुये सभी भक्तों के प्रति आभार प्रकट किया।

## दो फर्जी नाम से किया आवेदन : परीक्षा में दबोचा गया सॉल्वर



लखनऊ ब्यूरो : एसएससी की संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर परीक्षा में युवक ने दो नाम से आवेदन किया। दोनों नाम दूसरे के थे, लेकिन फोटो अपनी लगा ली। एक अनुक्रमांक पर परीक्षा दे रहा था। संदेह होने पर परीक्षा केंद्र संचालक ने पड़ताल की तो सॉल्वर गिरोह का खुलासा हुआ। संचालक की तहरीर पर बिजनौर थाने में केस दर्ज किया गया। आरोपी को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। टीसीएस कंपनी में शाखा प्रमुख के पद पर कार्यरत शशांक द्विवेदी के मुताबिक, छह जनवरी को बिजनौर के ओमेक्स सिटी स्थित इऑन डिजिटल जोन में एसएससी की संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर की परीक्षा चल रही थी। इस बीच तीसरी पाली में परीक्षा दे रहे विकास कुमार निराला नाम के छात्र पर संदेह हुआ। प्रवेश पत्र की पड़ताल में सामने आया कि उसने दूसरे परीक्षार्थी की जगह अपना फोटो लगा दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने कुबूला कि उसका असली नाम मुकेश कुमार है और मूलरूप से बिहार के मुंगेर के सोनार पट्टी का रहने वाला है। कुबूला कि सॉल्वर गिरोह से ताल्लुक रखता है। इसके चलते विकास कुमार निराला और अभिषेक कुमार के नाम से आवेदन किया था। एक के स्थान पर परीक्षा दी है। दोनों के प्रवेश पत्र पर उसकी तस्वीर लगी थी। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

## गोरखपुर में विदेश भेजने के नाम पर चार युवकों से ठगी : केस दर्ज

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के सिकरीगंज क्षेत्र के चार युवकों से विदेश भेजने के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है। डिगुनपुरा गांव निवासी सत्येंद्र उपाध्याय, अनूप कुमार गौड़, गोविंद उपाध्याय और रोशन उपाध्याय ने सिकरीगंज थाने में तहरीर देकर बताया है कि बीते 12 दिसंबर को बांसगांव थाना क्षेत्र के भैसहीं




खुर्द गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने विदेश भेजने के नाम पर दूसरे के बैंक खाते में एक लाख 27 हजार रुपये मंगवा लिए ।इसके अलावा 40 हजार और 29–29 हजार रुपये चार बार और जमा करवाएं, लेकिन विदेश नहीं भेजा। रुपये मांगने पर अब मारपीट की धमकी देता है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज गीडा सेक्टर 22 स्थित दो व्यक्तियों ने जेसीबी पोकलैंड मशीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 2.51 लाख की जालसाजी की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, छपरा बिहार के रहने वाले मुनमुन कुमार सिंह गीडा सेक्टर 22 में रहने वाले अष्टभुजा और शिवाकांत भारती से जेसीबी पोकलैंड मशीन बेचने के लिए पांच लाख रुपये में सौदा तय किया था। इसके बदले एडवांस में 2.51 लाख रुपये दे दिया था। रुपये लेने के बाद जालसाज ने जेसीबी पोकलैंड मशीन नहीं दी। तीन चेक दिए, जो बाउंस हो गए। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। तहरीर के आधार पर रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पिछड़ों का आरक्षण खाने पर आमादा है भारतीय जनता पार्टी –डॉ अनुराग मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पिछड़ों का आरक्षण खाने पर आमादा है भारतीय जनता पार्टी। भाजपा ने नगर निकायों में जानबूझकर ऐसा आरक्षण किया जिससे पिछड़ों को उनका हक ना मिल पाए। नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश आने के बाद आम आदमी पार्टी के बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ अनुराग मिश्र ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जानबूझकर नगर निकायों में ऐसा आरक्षण किया जिससे कि पिछड़ों का हक मारा जाए ।आम आदमी पार्टी का शुरू से यह मानना है कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा विरोधी है और बहुत ही चालाकी से उसने ऐसा आरक्षण जारी किया जिससे माननीय उच्च न्यायालय में जाकर यह फंस जाए आम आदमी पार्टी योगी आदित्यनाथ की सरकार से यह मांग करती है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप आयोग गठित कर



ट्रिपल सी फार्मूले पर पिछड़ों के लिए आरक्षण जारी करे, यदि भारतीय जनता पार्टी ऐसा नहीं करती है और सीधे निकाय चुनाव कराने का फैसला करती है तो आम आदमी पार्टी इसके विरोध में सड़कों पर लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन करेगी।

## सत्यम हॉस्पिटल के डॉक्टर और संचालक पर धोखाधड़ी का केस : सवालों के घेरे में डिग्री


गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में सत्यम हॉस्पिटल में गर्भवती की मौत के मामले में पुलिस ने डॉ. सुनील कुमार सरोज और अस्पताल संचालक सुभाष निषाद के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने एसीएमओ डॉ. एके सिंह की तहरीर पर की गई है। पुलिस सुभाष निषाद के बेटे रंजीत निषाद को गैर इरादतन हत्या के आरोप में जेल भेज चुकी है। जानकारी के मुताबिक, डॉ. सुनील कुमार सरोज ने सत्यम हॉस्पिटल के पंजीकरण के दौरान शपथपत्र दिया था, जिसमें उन्होंने इसका जिक्र किया था कि फुलटाइम हॉस्पिटल में उपस्थित रहकर मरीजों की सेवा करूंगा, लेकिन ऐसा उन्होंने किया नहीं। छह जनवरी को जब जैनपुर निवासी रामवदन की पत्नी सोनावत की मौत हुई तो वह अस्पताल में नहीं थे। सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. एके सिंह और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी केएन बरनवाल मौके पर जांच के लिए पहुंचे तो कोई भी डॉक्टर नहीं मिला। इसके अलावा हॉस्पिटल में अप्रशिक्षित स्टाफ मरीजों का इलाज करते मिले। एसीएमओ ने बताया कि डॉ. सुनील कुमार सरोज हॉस्पिटल के संचालक सुभाष निषाद की मिली भगत से शपथपत्र बनवाकर स्वास्थ्य विभाग को धोखे में रखकर पंजीकरण कराया। साथ ही बिना डिग्री वाले के साथ मिलकर हॉस्पिटल का संचालन कर रहे थे। इसी वजह से गर्भवती की जान चली गई। गुलरिहा पुलिस एसीएमओ की तहरीर पर डॉ. सुनील कुमार सरोज एवं अस्पताल संचालक सुभाष निषाद के खिलाफ धोखाधड़ी सहित इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह था मामला सत्यम हॉस्पिटल में तीन जनवरी को जैनपुर टोला काजीपुर निवासी रामवदन की गर्भवती पत्नी सोनवत की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस रामवदन की तहरीर पर रंजीत निषाद के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। मामले में रंजीत निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सत्यम हॉस्पिटल के लेटर पैड पर लिखे डॉक्टरों की डिग्री पर सवाल गुलरिहा क्षेत्र के भटहट स्थित सत्यम हॉस्पिटल के पैड पर जिन नौ डॉक्टरों के नाम लिखे हैं, उनकी डिग्री सवालों के घेरे में है। बताया जा रहा है कि नौ में से पांच डॉक्टरों की डिग्री संदिग्ध है। इसी आधार पर पुलिस के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी इन डॉक्टरों की डिग्री की जांच शुरू कर दी है। सभी डॉक्टरों से उनकी डिग्री मांगी गई है, जिससे की वह एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) को पत्र भेजकर डिग्री की जांच करा सके। यही वजह है कि पुलिस ने इन नौ डॉक्टरों को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एक्ट के तहत नोटिस भेजकर डिग्री के साथ जांच के लिए बुलाया है। हॉस्पिटल के लेटर पैड पर डॉ. बृजेश शुक्ला, डॉ. रेनू मिश्रा, डॉ. निर्भय सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. डीके तिवारी, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. कमलेश यादव, डॉ. शबनम बानो एवं डॉ. पीके बक्शी के नाम शामिल हैं। इन डॉक्टरों को गर्भवती महिला की मौत के मामले में इंडियन



मेडिकल एसोसिएशन एक्ट के तहत नोटिस भेजकर अपनी डिग्री के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। शुरुआती जांच में जो जानकारी मिली है कि पांच के पास डॉक्टरी की कोई डिग्री नहीं है। संचालक सुभाष और उसका बेटा रंजीत निषाद अपने जानने वालों के नाम के आगे डॉक्टर लिखकर पैड पर लिखवा दिया था। इनमें कुछ डॉक्टर ऐसे हैं, जो ऑनकॉल बुलाने पर हॉस्पिटल में इलाज के लिए जाते थे। ये सर्जरी सबसे अधिक करते थे। सामान्य सर्जरी के नाम पर कम से कम 30 से 35 हजार रुपये मरीजों से वसूलते थे। बड़े डॉक्टर के नाम पर खेलता था खेल एसीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सभी डॉक्टरों की डिग्री की जांच की जाएगी। डिग्री मिलने के बाद उसे एनएमसी जांच के लिए भेजा जाएगा, जिससे यह पता चल सके कि वह वह प्रैक्टिस करने योग्य थे या नहीं। क्योंकि, बिना एनएमसी की परीक्षा पास किए कोई भी डॉक्टर प्रैक्टिस नहीं कर सकता है। रंजीत निषाद बड़े डॉक्टर के नाम पर मरीजों का जबरदस्त शोषण करता था। हॉस्पिटल से बीआरडी की दूरी ज्यादा न होने की वजह से वह मरीजों से कहता था कि वह मेडिकल कॉलेज से बड़े डॉक्टर को बुलाकर सर्जरी कराएगा। इसके एवज में मोटी रकम वसूलता था। वह मरीजों को यह भी बताता था कि अस्पताल बीआरडी से पढ़े डॉक्टर ही चलाते हैं। उनके नाम पर ही अस्पताल का पंजीकरण है। मरीजों की मरहम पट्टी करते–करते खुद बन गया डॉक्टर रंजीत निषाद शुरुआती दौर में पहले बिना रजिस्ट्रेशन के हॉस्पिटल चलाता था। दो बार हॉस्पिटल सील होने के बाद उसने अपने पिता सुभाष निषाद के साथ सत्यम हॉस्पिटल के नाम से रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद वह हॉस्पिटल में जुट गया। पहले वह मरीजों की मरहम पट्टी करता था। इसके बाद धीरे–धीरे ऑपरेशन थियेटर में डॉक्टरों के साथ रहने लगा। इस दौरान वह छोटी–छोटी सर्जरी भी करने लगा। इसके बाद से उस इलाके के लोग उसे डॉक्टर समझने लगे। जबकि, उसकी पढ़ाई केवल 12वीं तक थी।

## छात्रों से दुर्व्यवहार पर पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य निलंबित

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले के महामाया पॉलिटेक्निक धनेवा–धनेई में अध्ययनरत छात्रों से दुर्व्यवहार व छात्रावास के छात्रों से अधिक शुल्क लेने के मामले में प्राविधिक शिक्षा विभाग ने यहां के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। मामले की विस्तृत जांच मंडलायुक्त गोरखपुर को सौंपी गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रवक्ता रामप्रकाश मौर्य को तैनात किया गया है। महामाया पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य का कुछ दिन पूर्व एक छात्र को चप्पल से मारने का वीडियो वायरल हुआ था। छात्रों ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर डीएम ने उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्र भेजा था। इस पर प्राविधिक शिक्षा विभाग ने प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में वे निदेशक शोध, विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान कानपुर से संबद्ध रहेंगे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया



कि प्रधानाचार्य के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया था। पॉलिटेक्निक से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, निलंबन से संबंधित पत्र आया है। मगर प्रधानाचार्य ने उसे प्राप्त नहीं किया है। वहीं, प्राविधिक शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी के संयुक्त निदेशक कन्हैया राम ने रामप्रकाश मौर्य को कार्यवाहक प्रधानाचार्य पद पर तैनात कर दिया है।

# गरिमा सिंह की पुस्तक 'चाक मे माटी सा मन' का किया गया विमोचन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद के तत्वावधान में रविवार को शाने अवध होटल में संगठन की सदस्य युवा कवयित्री गरिमा सिंह के कविता–संग्रह 'चाक पे माटी सा मन' का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतभूषण अग्रवाल पुरस्कार, केदार सम्मान, रघुपति सहाय सम्मान और रूस के पुश्किन सम्मान से सम्मानित देश के वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि गरिमा सिंह का यह संग्रह पूरी परिपक्वता और लेखकीय जिम्मेदारी से लिखा गया है। उन्होंने कहा कि पहले संग्रह का कच्चापन ही उसकी खासियत होती है। संग्रह की प्रेम कविताओं पर ध्यानाकर्षण करते हुए उन्होंने कहा कि जो प्रेम कविताएँ नहीं लिखता वह कवि नहीं हो सकता, रोमानियत जीवन का व्यापक भाव है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उन्होंने गरिमा जी की कविताओं में उपस्थित स्थानीयता की प्रशंसा की और कहा कि गरिमा जी की कविताओं के शब्द उनके समाज और समय से आते हैं। रामविलास शर्मा सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ आलोचक रघुवंशमणि ने कविताओं में रेखांकित स्त्री अस्मिता के प्रश्न को लक्षित करते हुए कहा कि स्त्रीवाद का अर्थ पुरुष का विरोध नहीं है बल्कि अपने लिए समान अधिकारों की मांग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गरिमा सिंह के संग्रह की प्रतिनिधि कविता 'चाक पे माटी सा मन' में जिस चाक का संदर्भ है वह स्त्री के विरोध में सदियों से चली आ रही सामाजिक विषमताओं का प्रतीक है, जिसपर स्त्री का मन कच्ची मिट्टी की तरह चढ़ाया जाता रहा है। रघुवंशमणि जी ने कहा कि आज पितृसत्ता का स्वरूप बदल गया है और स्त्री के साथ हिंसा की घटनाएँ बढ़ गयी हैं। इस पितृसत्ता के प्रति स्त्री अस्मिता की अभिव्यक्ति ही गरिमा सिंह की कविताओं का अर्थात् है। अपनी छोटी कविताओं में गरिमा रूपकों को पकड़ती हैं और उनको विस्तार देते हुए पूर्णता का निष्कर्ष प्रदान करती हैं। उनकी प्रेम कविताएँ प्रश्न उठाती हैं कि क्या एक स्त्री के जीवन में प्रेम की पूर्णता सम्भव है। लखनऊ से आए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और जनवादी लेखक संघ, उ. प्र. के सचिव प्रो. नलिन रंजन सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस संग्रह में चाक और माटी जैसे प्रतीक काव्यात्मक बुनावट को स्पष्ट करते हैं। गरिमा जी की कविताएँ स्त्री विमर्श के दृष्टिकोण से पुरुषसत्ता के घालमेल को पहचानने का सफल प्रयास करती हैं। उन्होंने कहा कि पितृसत्ता ने समाज के एक बड़े उत्पादक हिस्से को हाशिए पर डाल दिया है, जिसमें स्त्री भी सम्मिलित है। गरिमा जी की कविताओं में नदी किनारों को जोड़ध्ती है, वह हाशियों के समन्वय का एक महत्वपूर्ण बिम्ब है। उन्होंने कहा कि संग्रह में जो प्रेम कविताएँ हैं वे अधिकतर प्यार को खोने से जुड़ी हुई हैं, उनमें प्रेम की टीस स्पष्ट दिखाई देती है। नलिन जी के अनुसार संग्रह में विषयों की व्यापकता भी है, जहां एक ओर कवयित्री के प्रशासनिक जीवन के अनुभव हैं तो दूसरी ओर व्यवस्था के विद्रूप का विरोध भी कविताओं में है। अपनी अस्मिता की पहचान के साथ दैनंदिन जीवन से मुक्ति एक छटपटाहट भी इन कविताओं में है। इसके साथ ही मिथकों और आख्यानों का प्रयोग करती हुए ये कविताएँ साम्प्रदायिक प्रश्नों पर भी दृष्टिपात करती हैं। कार्यक्रम का




संचालन कर रहे जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद के सचिव डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि एक सम्भावनाशील युवा कवयित्री के रूप में गरिमा सिंह की कविताएँ आश्वस्ति पैदा करती हैं। समाज की विषमताओं, जटिल यथार्थ और स्त्री–अस्मिता जैसे सन्दर्भों के बीच यदि आप गहराई से देखें तो ये कविताएँ एक बेहद सहज और सरल स्त्री मन की कविताएँ हैं। यह एक ऐसी स्त्री का मन है, जिसमें कहीं बनावट नहीं है और उसके भीतर संसार में प्रेम जैसे भाव को लेकर एक उम्मीद कायम है। इन कविताओं के माध्यम से भी वे दुनिया की जटिलताओं की छवियों के बरअक्स आशा का एक संसार रचती हैं और यही उनकी कविता की स्वाभाविकता है। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में वरिष्ठ कवयित्री पूनम सूद ने कहा कि कविताओं में जो कहा जाता है उससे अधिक छूट जाता है। कविता में स्त्री विमर्श के आने से कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। कवयित्री ऊष्मा सजल ने संग्रह की कविताओं के भावनात्मक पक्ष पर अपनी बात रखते हुए कहा कि इन कविताओं में सहजता के साथ आत्माभिव्यक्ति का प्रकाशन किया गया है। महशूर शायर मुजम्मिल फिदा ने अपने वक्तव्य में कविताओं की भाषा पर बात करते हुए कहा कि इन कविताओं में उर्दू के शब्द जिस सहजता के साथ आए हैं, वह काबिले तारीफ है। विमोचन के अवसर पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कवयित्री गरिमा सिंह ने अपनी कविताओं की रचना–प्रक्रिया पर बात करते हुए कहा कि यह मेरा पहला संग्रह है, जिसमें मैंने समाज के विविध पक्षों पर अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि एक स्त्री होने के नाते उसकी अस्मिता के प्रश्न और विडम्बनाएँ इन कविताओं का प्रमुख कथ्य हैं लेकिन समाज का हर वर्ग चाहे वह किसान हो या अन्य शोषित वर्ग, इन कविताओं में कहीं न कहीं मौजूद है। इस अवसर पर उन्होंने अपनी कई कविताओं का पाठ किया, जिनमें प्रमुखतः 'चाक पे माटी सा मन', 'मुकम्मल शाम', 'नदी', 'फासला प्यार का', 'देहरी', 'ब्लैक होल', 'माटी सी लड़कियाँ', 'कंदील', 'सपनों की डोर' शामिल रहीं। उनकी काव्यपंक्ति ' उसकी गरीबी गरवीली है, बदरंग होकर भी, व्यवस्था के कठोर सीने में, चुभने भर को नुकीली है' काफी सराही गयी। इससे पूर्व संगठन के सदस्य सत्यभान सिंह जनवादी ने आमंत्रित साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, कलाकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया और अपने वक्तव्य में इस कविता–संग्रह को एक महत्वपूर्ण कृति बताया। उन्होंने कहा कि एक स्त्री के रूप में गरिमा जी ने समाज को जिस तरह देखा है और उसकी व्याख्या की है, वह अभूतपूर्व है। कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन श्री बृजेश मौर्य द्वारा किया गया।कार्यक्रम में क्रांतिकारियों के चित्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत संगठन के सदस्यों धीरज द्विवेदी, अखिलेश सिंह, शिवानी, रेनू तिवारी,साधना सिंह एवं बालकिशन द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुश्री सुमन गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार आरडी आनंद, आशाराम जागरथ, डॉ. परेश पाण्डेय, शेर बहादुर शेर, एसएन बागी, अतीक अहमद, आकाश गुप्ता, विन्ध्यमणि त्रिपाठी, लेखिका स्वदेश रश्मि, राजीव श्रीवास्तव, आर.एन. कबीर, बालकिशन, रामदास यादव, साधना सिंह, गरिमा सिंह, अनामिका, दीप्ति, आदिला, युवा लेखिका सुनीता पाठक, अधिवक्ता व मेयर प्रत्याशी कंचन दुबे, मो. सलीम, मो. सगीर, सैय्यद सुबहानी, कीर्ति यादव सहित शहर के विभिन्न प्रगतिशील साहित्यकार, बुद्धिजीवी एवं पत्रकार सम्मिलित हुए।

# कार्बाइन की होम डिलीवरी कराने वाला छात्रनेता गिरफ्तार : लड़ चुका है छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव

गोरखपुर ब्यूरो : कार्बाइन की होम डिलीवरी कराने वाले छात्रनेता केसी तिवारी को खोराबार थाना पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक कारतूस मिला है। इस आधार पर उसके खिलाफ ऑर्म्स एक्ट का भी मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई कार्बाइन के साथ गिरफ्तार सपा के पूर्व प्रदेश सचिव कुंवर प्रताप सिंह के पुत्र मतौनी के ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह से पूछताछ के बाद की गई है। क्राइम ब्रांच और खोराबार थाने की पुलिस कार्बाइन की होम डिलेवरी करने वाले कुशीनगर जिले के युवक की तलाश में लगी है। इसी क्रम में केसी तिवारी की गिरफ्तारी हुई है। आरोपी मूलरूप से शाहपुर क्षेत्र के बिछिया का रहने वाला है। दो वर्षों से परिवार के साथ लखनऊ में रह रहा था। खोराबार के मतौनी गांव के प्रधान विजय प्रताप सिंह से पूछताछ के बाद पुलिस ने लखनऊ में रहने वाले कृष्णचंद्र तिवारी उर्फ केसी को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद केसी तिवारी ने बताया कि कुशीनगर जिले के रहने वाले युवक से उसकी जान पहचान थी, जिसने कार्बाइन लाकर दी थी। प्रधान के पकड़े जाने की सूचना के बाद आरोपी युवक फरार हो गया है। सर्विलांस की मदद से क्राइम ब्रांच और खोराबार थाने की पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा कि इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसमें कई बड़े नाम भी सामने आ रहे हैं, जो अवैध असलहों का कारोबार करते हैं। पुलिस ऐसे लोगों की



सूची तैयार कर उनसे पूछताछ कर रही है। समाजवादी छात्र सभा से लड़ चुका है गोविवि में छात्रसंघ का चुनाव शाहपुर के आजादनगर बिछिया का मूल निवासी केसी तिवारी मौजूदा समय में परिवार के साथ लखनऊ के विभूतिखंड में सामुदायिक केंद्र के पास रहता है। वर्ष 2016 में वह समाजवादी छात्रसभा के अधिकृत प्रत्याशी के तौर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय से छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुका है। सपा में बड़े नेताओं से उसकी अच्छी जान पहचान बताई जाती है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि विजय प्रताप पर दर्ज मुकदमे में केसी तिवारी का भी नाम शामिल किया गया है। कार्बाइन की डिलीवरी करने वाले युवक की भी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

# सिपाही ने लिखा कि एक महीने पहले हुई थी शादी : छुट्टी ना मिलने पर नाराज पत्नी बात नहीं करती

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले में एक हैरान करने वाला मामला समाने आया है। यहां नौतनवां थाने की पीआरवी में तैनात एक सिपाही पत्नी का वादा पूरा करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर गुहार लगाई। आवेदन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अनोखे आवेदन पत्र में सिपाही ने लिखा है कि एक महीने पहले शादी हुई है। पत्नी से वादा किया था कि ड्यूटी से जल्द छुट्टी लेकर घर आऊंगा, लेकिन छुट्टी न मिलने से पत्नी काफी नाराज है। मोबाइल फोन से पत्नी से संपर्क साधने पर नाराज पत्नी मोबाइल को मां के हाथों में पकड़ा दे रही है। नौतनवां थाना क्षेत्र में पीआरबी पर तैनात सिपाही 2016 बैच का है। वह मऊ जिले का रहने वाला है। अपर पुलिस अधीक्षक के नाम से भेजें गए आवेदन में सिपाही ने लिखा है कि पिछले माह ही उसकी शादी हुई है। विदाई के बाद वह पत्नी को घर छोड़ ड्यूटी पर चला गया। अब छुट्टी नहीं मिल रही। इससे पत्नी नाराज हो गई है। बार–बार फोन से संपर्क साधने के बाद भी पत्नी बात नहीं कर रही है। फोन उठाकर बिना बात किए मोबाइल अपनी सास यानी मेरे मां को दे देती है। सिपाही ने यह भी लिखा है कि मैंने पत्नी को वादा



किया है कि भतीजे के जन्मदिन पर घर जरूर आऊंगा। कृपया 10 जनवरी से मुझे 7 दिन की कैजुअल लीव यानी सीएल देने की कृपया करें। मैं आपका आभारी रहूंगा। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को उनकी जरूरत के मुताबिक अवकाश स्वीकृत किया जाता है। सिपाही को भी उसके प्रार्थना पत्र के आधार पर पांच दिन का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया गया है।

# प्रो. विनय पाठक के मामले की जांच सीबीआई को चुनौती देने वाली याचिका ली गई वापस

लखनऊ ब्यूरो : कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक के खिलाफ इंदिरा नगर थाने में दर्ज वसूली व भ्रष्टाचार मामले की जांच सीबीआई से कराने के मामले में वादी डेविड मारियो डेनिस ने बेहतर याचिका दाखिल करने की अनुमति के साथ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में अपनी याचिका वापस ले ली है। उक्त याचिका में सीबीआई को जांच देने को चुनौती दी गई थी। हालांकि याचिका में सीबीआई जांच सम्बन्धी नोटिफिकेशन संलग्न न होने के कारण याची की ओर से याचिका वापस ले ली गई। कुलपति प्रो. विनय पाठक के खिलाफ सीबीआई जल्द जांच शुरू कर देगी। प्रदेश सरकार की सिफारिश पर केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सीबीआई की सहमति मिलते ही इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय भी जल्द मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करने जा रहा है। केस लखनऊ या फिर दिल्ली दर्ज



किया जा सकता है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय की अधिसूचना के बाद सीबीआई इंदिरानगर थाने में दर्ज मुकदमों से संबंधित सभी दस्तावेज जल्द ही अपने कब्जे में ले लेगी। इस केस की विवेचना की जिम्मेदारी जांच एजेंसी की लखनऊ शाखा को दी जा सकती है।

# एम्स में जॉब दिलाने के नाम पर 17 लाख की ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

गोरखपुर ब्यूरो : एम्स गोरखपुर में नोकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाज को कैंट पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जालसाज की पहचान प्रमोद कुमार पुत्र हरीचंद्र निवासी सिहटीकर थाना बखीरा जनपद संतकबीरनगर के रूप में हुई है। उसे पुलिस ने चिड़ियाघर के पास से पकड़ा है। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपी मानीराम में एक ऑनलाइन सेंटर पर काम करता है। पुलिस के अनुसार, महराजगंज के फरेंदा के सेखुई निवासी कंहई प्रसाद ने तहरीर देकर बताया था कि एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपये हड़पे गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपी ने पीड़ित से 17 लाख 65 हजार रुपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी पहले पवित्रा डिजिटल ऑनलाइन सेंटर मानीराम गोरखपुर में काम करता था। जिसके मालिक अमित गुप्ता पुत्र




पारसनाथ गुप्ता निवासी 118/जी टीचर कालोनी थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर तथा उसके पार्टनर मनोज चौधरी व अवधेश गुप्ता थे। जिन्होंने पकड़े गए आरोपी से कहा कि कोई ग्राहक ढूंढकर लाओ जो इनलोगों को रुपया दे सके और ये लोग उसे एम्स का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर पैसा हड़प सके। पुलिस अन्य दोनों आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

# गुड़गांव का युवक 'सीरियल किलर' हत्या के आरोप में गिरफ्तार : जांच में खुलासा

महराजगंज ब्यूरो : नेपाल पुलिस ने सीरियल किलर हत्या के आरोप में गुड़गांव हरियाणा निवासी युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि युवक अर्घखाची, गुल्मी और कपिलवस्तु की तीन महिलाओं से जेवरात लूटने के लिए मार डाला था। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की है कि गुड़गांव, हरियाणा, भारत के 23 वर्षीय सुशांत सिंह ने चार महीनों में तीन महिलाओं की हत्या की है। अर्धाखाची पुलिस उपाधीक्षक मुकुंद रिजाल ने बताया कि आरोपी सुशांत सिंह ने गुल्मी और कपिलवस्तु में महिलाओं की हत्या करने की बात भी स्वीकार की है। इसमें पुष्टि हुई है कि कपिलवस्तु विजयनगर ग्रामीण नगर पालिका–4 के विजयनगर निवासी 70 वर्षीय योगमाया गायरे की हत्या 14 अक्तूबर 2022 को हुई थी। उसने दरवाजा खोलने को कहा और उसकी हत्या कर गहने लूट लिया। उसने कहा कि गहने लूटकर चंद्रौता के रास्ते भारत चला गया, फिर 28 अक्तूबर 2022 को इश्मा ग्रामीण नगर पालिका–5 गुल्मी निवासी 75 वर्षीय जीवकला थापा की हत्या कर जेवरात लेकर फरार हो गया। अर्धाखाची में 7 जनवरी



को होटल में आने वाले मेहमानों को चाय देने के लिए दूध लेने जा रही शिटगंगा नगर पालिका के 60 वर्षीय राधा थापा की पीट–पीट कर हत्या कर दी। गिरफ्तारी के बाद जांच के दौरान सुशांत और उसकी पत्नी शिवा परियार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मिलकर हत्या करने की योजना बनाई थी। तीन साल पहले बोखर गांव के परियार से शादी की थी। थापा को मारने के बाद जेवरात फरार हो गया। सुशांत ने जेवरात के लिए हत्या की सूचना अधिकारी कृष्ण प्रसाद घिमिरे ने बताया कि तीनों घटनाओं में सुशांत ने जेवरात के लिए हत्या की। उन्होंने कहा कि आरोपी युवक एक पेशेवर सीरियल किलर है, जो यह पता लगाता है की घर में परिवार कौन है। इस बात की जांच की जा रही है की युवक अकेला है या फिर अन्य गिरोह भी शामिल है। भारतीय पुलिस की मदद से भारत में उसके बचपन की पृष्ठभूमि की जांच की जाएगी।

## यूपी के सबसे ठंडे जिले के स्कूल 14 जनवरी तक बंद : आनलाइन चलेंगी 9 से 12 की कक्षाएं

अयोध्या ब्यूरो : यूपी में कड़ाके की ठंड के चलते रविवार को सबसे ठंडे रहे अयोध्या जिले के सभी स्कूल 14 जनवरी तक के लिए बंद घोषित कर दिए गए हैं। 9 से 12 तक की कक्षा के विद्यार्थियों की पढ़ाई



आनलाइन होगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है। रविवार को तीन डिग्री सेल्शियस तापमान के साथ अयोध्या प्रदेश का सबसे सर्द जिला रहा। इससे पहले वहां शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 2 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, घने कोहरे व शीतलहर की चेतावनी के बीच ठंड के मद्देनजर अगले 36 घंटे अहम हैं। इसी के आधार पर आगे का बदलाव निर्भर करेगा। अयोध्या सहित इन जिलों में रेड अलर्ट रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, बागपत, मेरठ, अमरोहा, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, हापुड़, रामपुर, बरेली, बुलंदशहर, उन्नाव और कानपुर नगर में सोमवार सुबह लोगों को घने कोहरे और शीतलहर का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे लोगों को ठंड से बचने और सावधान रहने की सलाह दी गई है।

# बाराबंकी में चचेरी बहनों ने जहर खाकर दी जान : मचा कोहराम

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी जिले के बड्डूपुर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात चचेरी बहनों ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। आननफानन में दोनों को अलग अलग अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक उनकी



मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी होते ही पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। आत्महत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। क्षेत्र के झरसवां गांव के छोटेलाल की पुत्री नीतू (18) व उनके भाई रामचरित की पुत्री कामिनी (18) के मध्य काफी गहरी दोस्ती थी। सोमवार की रात अज्ञात कारणों से नीतू और कामिनी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन उन्हें पहले एक निजी अस्पताल ले गए जहां नीतू को मृत घोषित किए जाने पर परिजन शव घर ले आए। उधर कामिनी को घुंगटेर व बाराबंकी तक लाया गया लेकिन उसे भी बचाया नहीं जा सका। मामले की जानकारी होने पर इंस्पेक्टर राजकुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। गांव के लोग एवं परिजन घटना के कारणों को लेकर कोई भी जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## घर के अंदर मृत मिला भाजपा कार्यकर्ता : दरवाजा तोड़कर निकाला गया शव

देवरिया ब्यूरो : देवरिया जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के मदरापाली भरथराय गांव में रविवार देर रात पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता के घर का दरवाजा तोड़कर उसका शव बरामद किया। इस बात की जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई। थानाक्षेत्र के मदरापाली भरथराय गांव के रहने वाले मुनीब गुप्ता (45) भाजपा के बूथ प्रमुख थे। वह घर पर अकेले रहते थे। उनके पिता ठाकुर प्रसाद गुप्ता, माता व पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। शनिवार की सुबह गांव के लोगों ने उन्हें आखिरी बार गांव में देखा था। रविवार देर रात तक दिखाई नहीं देने पर आसपास के लोगों ने उनका पता लगाने की कोशिश की। दरवाजा अंदर से बंद होने पर खिड़की से झांक कर अंदर देखा तो मुनीब भूमि पर पड़े थे। लोगों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो मुनीब गुप्ता की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। मुनीब के तीन बेटे और एक बेटी है। बड़े बेटे बृजेश और दूसरे नंबर का बेटा बाहर कमाने गए हैं। जबकि तीसरे नंबर का बेटा और सबसे छोटी बेटी अपने रिश्तेदार के वहां रहते हैं। घर पर कोई नहीं था। गांव के लोग कुछ समझ नहीं पा रहे कि मुनीब की इस तरह मौत कैसे हो गई। इस संबंध में एसओ राजेश पांडेय ने बताया कि मुनीब गुप्ता के घर का दरवाजा तोड़कर उनका शव बाहर निकाला गया। जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहां डॉक्टरों ने मुनीब को मृत घोषित कर दिया।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।